## संक्षिप्त समाचार

### विधायक निधि से शुरू हुआ खेड़ी शिकोहपुर से हसनवाला का मार्ग

**हरिद्वार, एजेंसी।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के खेड़ी शिकोहपुर से हसनवाला मार्ग का निर्माण कार्य शनिवार से शुरू हो गया। विधायक इंजीनियर रवि बहादुर ने निर्माण कार्य को शुरू कराया। उन्होंने कहा कि जनता की इस मूल समस्या के लिए उन्होंने प्रस्ताव दिया था। विधायक निधि से इस मार्ग में लगभग 99 लाख 86 हजार रुपये की लागत से कार्य होगा। विधायक रवि बहादुर ने कहा कि इसी धनराशि में आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य किया जाएगा। वहीं, ग्राम हसनवाला में 95 लाख 67 हजार रुपये विकास कार्य के लिए दिए गए हैं। सड़क मार्ग का निर्माण होने से विधानसभा क्षेत्र से होकर जाने वाले राहगीरों को काफी फायदा मिलेगा। शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे विधायक इंजीनियर रवि बहादुर से ग्रामीणों ने कई अन्य समस्याएं भी रखी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वह जल्द ही उनके निस्तारण के लिए विभागों में वार्ता करेंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान मिनी शफात राव, रिफाकत खा राव, गुड्डू प्रधान, राव फसात प्रधान, राव सफात अली, राव आदिल, जुबेर पुंडीर, शारिक अली समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### तीन तलाक देने के आरोप में पति सहित आठ के खिलाफ मुकदमा

**हरिद्वार, एजेंसी।** क्षेत्र के गांव बादशाहपुर निवासी एक महिला ने पति सहित ससुराल पक्ष के आठ लोगों के खिलाफ गाली-गलौज व मारपीट कर तीन तलाक देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, मैन्ना पुत्री यामुल निवासी ग्राम बादशाहपुर ने शिकायत देकर बताया कि उसका निकाह कुछ साल पहले खुशनूद निवासी ऐथल से हुआ था। कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोग उसके साथ मारपीट कर तलाक देने की धमकी दे रहे थे। आरोप लगाया कि पति ने उससे मारपीट कर तीन तलाक दे दिया। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे व उसकी पुत्रियों को घर से बाहर निकाल दिया। आरोप है कि सभी लोगों ने महिला के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट भी की। इस मामले में विवाहिता ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर तहरीर दी। थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पति खुशनूद, बुशरा, शहनाज, आमिर, समीर, मुर्तजा, मुंतजिर, रिजवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### भाजपा से सैनी समाज के व्यक्ति को बनाया जाए मेयर प्रत्याशी

**हरिद्वार, एजेंसी।** सैनी आश्रम ज्वालापुर में सैनी सभा की ओर से बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के साथ ही पत्रकार वार्ता कर सभा ने भारतीय जनता पार्टी से सैनी समाज के व्यक्ति को हरिद्वार मेयर पद का प्रत्याशी बनाने की मांग उठाई। मांग पूरी नहीं करने पर सैनी सभा ने समाज के बीच निर्णय लेकर भाजपा का विरोध करने की चेतावनी भी दी है। सैनी सभा के अध्यक्ष आदेश सम्राट सैनी ने बताया कि बैठक में विचार विमर्श कर भाजपा से मेयर पद के लिए समाज के व्यक्ति को टिकट देने की मांग की गई है। सैनी समाज मेयर प्रत्याशी के लिए दावेदार भी है और हिस्सेदार भी है। भाजपा समाज के बीच से किसी भी व्यक्ति को टिकट देकर मेयर का चुनाव लड़ाए। कहा कि समाज के व्यक्ति को भाजपा से टिकट नहीं। मिलने पर सभा समाज के बीच पहुंचेगी।

### नेचर पार्क की झील में 50 मीटर बढ़ा बोटिंग का दायरा

**ऋषिकेश, एजेंसी।** लच्छीवाला नेचर पार्क में बोटिंग करने का दायरा 100 से बढ़कर 150 मीटर हो गया है। वहीं पांच बोट नए सीजन में झील में उतर जाएगी। जिससे पर्यटकों को लाभ मिलेगा। पर्यटक सीजन में प्रतिदिन 400 से 500 पर्यटक बोटिंग करने के लिए झील में उतरते है। वहीं ऑफ सीजन में रविवार और अवकाश के दिनों में 100 से ज्यादा पर्यटक झील में बोट चलाने का आनंद लेने आते है। झील में बोटिंग की मांग को देखते हुए वन विभाग ने झील का दायरा 50 मीटर बढ़ाया है। लच्छीवाला नेचर पार्क के प्रभारी अंकित सिंह ने बताया कि झील को विस्तार दिया गया है। पांच नई बोट नए सीजन से झील में पर्यटकों के लिए उतारी जा रही है।

# देहरादून भाजपा ऑफिस में रायशुमारी के दौरान माहौल गर्म, महिला कार्यकर्ताओं में हुई मारपीट !

**देहरादून, एजेंसी।**
भाजपा महानगर कार्यालय में महापौर और पार्षद पद के दावेदारों के नाम पर रायशुमारी जारी है। तीसरे दिन भी कार्यालय में दावेदारों के जमावड़े के साथ ही मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा।

इस दौरान सुझाव पेटी में पदाधिकारियों ने दावेदारों के नाम डाले। इस दौरान परिसर में दो महिला कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक की भी सूचना है। बताया जा रहा है कि रायशुमारी को लेकर महिलाओं में मारपीट की नौबत तक आ गई। हालांकि, महानगर के पदाधिकारी इसे नकारते रहे। अब आज अंतिम दो मंडलों की रायशुमारी होगी।

देहरादून नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा में आलाकमान ने पूर्व संगठन मंत्री सुरेश भट्ट, पुरोला विधायक दुर्गेश लाल और पूर्व जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। तीसरे दिन भी तीनों पर्यवेक्षक महानगर कार्यालय में डटे रहे और मंडल स्तर से प्राप्त हो रहे सुझावों के आधार पर नामों की सूची तैयार करते रहे।



महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को शहीद दुर्गमल्ल मंडल, श्रीदेव सुमन नगर मंडल, जीएमएस मंडल, प्रेमनगर-कांवली मंडल के साथ ही शेष जिला व प्रदेश प्रकोष्ठ के साथ राशुमारी की गई। अब आज अंतिम दो मंडल अंबेडकर नगर मंडल और करनपुर मंडल की रायशुमारी की जाएगी।

इसके बाद पर्यवेक्षक सभी वार्डों और महापौर पद पर नामों को वरीयता के क्रम में सूचीबद्ध करेंगे और अपने विश्लेषण के साथ पार्टी मुख्यालय को सौंप देंगे। इस दौरान दिनभर कार्यालय में भीड़ उमड़ी रही। महापौर पद के तमाम दावेदार भी कुर्सी लगाकर प्रांगण में बैठे रहे तो पार्षद पद के दावेदार भी इधर से उधर चक्कर लगाते नजर आए। साथ ही पार्टी कार्यकर्ता भी अगल-अलग गुटों में चुनावी चर्चा में मशगूल रहे।

दोपहर बाद भाजपा महानगर कार्यालय में जीएमएस मंडल की रायशुमारी हुई। इसके बाद प्रेमनगर कांवली मंडल का नंबर आया। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दो महिला कार्यकर्ता आपस में भिड़ गई। चश्मदीदों की मानें तो यहां एक मंडल की पदाधिकारी और एक वार्ड की निवर्तमान पार्षद के बीच मंडल की सूची को लेकर बहस हो गई।

देखते ही देखते बहस तीखी नोकझोंक और फिर मारपीट में तब्दील हो गई। ऐसे में आसपास के कार्यकर्ताओं ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। महानगर के पदाधिकारियों ने मारपीट की बात को नकारा है। उन्होंने हल्की बहस होने की बात कही। जबकि उक्त महिला कार्यकर्ताओं से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके फोन स्विच आफ थे।

शनिवार को भी भाजपा महानगर कार्यालय में दावेदारों के आवेदन आते रहे। खासकर पार्षद पद के लिए कई उत्साही दावेदार पहुंचे। आज अंबेडकर नगर मंडल से रायशुमारी की जाएगी। जिसमें शहर के प्रमुख वार्डों के लिए सुझाव मांगे जाएंगे। वार्ड-27 से भाजपा महानगर सह मीडिया प्रभारी अक्षत जैन और मंडल पदाधिकारी वैभव अग्रवाल भी रायशुमारी करेंगे। उन्होंने पार्षद पद पर युवा चेहरों को मौका देने की पैरवी की है।

## एक दशक में 5000 से ज्यादा किसानों ने मिर्च की खेती से मोड़ा मुंह, जंगली जानवर चट कर जा रहे पौधे

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा के भतरौंजखान के पास पिछले एक दशक में करीब 5000 से भी ज्यादा किसान खेती से मुंह मोड़ चुके हैं। इनमें से करीब 2000 से ज्यादा किसान परिवार सहित रोजगार की तलाश में शहरों में जाकर बस गए हैं। भतरौंजखान और आसपास के करीब 50 किलोमीटर के दायरे में बड़े पैमाने पर उगाई जाने वाली मिर्च के पौधों तक को जंगली जानवर चट कर जा रहे हैं। नतीजतन, पिछले एक दशक में करीब 5000 से भी ज्यादा किसान खेती से मुंह मोड़ चुके हैं। इनमें से करीब 2000 से ज्यादा किसान परिवार सहित रोजगार की तलाश में शहरों में जाकर बस गए हैं। क्षेत्र के लोगों का दावा है कि अगर सरकार खेती को संरक्षण दे तो मिर्च का हरा-भरा कारोबार फिर से संरक्षित हो सकता है। भतरौंजखान और आसपास के इलाको में मिर्च की खेती बहुतायत होती है। इसकी खेती यहां की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हुआ करती थी लेकिन बदलते हालात के कारण अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही है। यहां की मिर्च की काशीपुर, रामनगर, रामपुर, स्वार, मुरादाबाद से कानपुर और इलाहाबाद तक काफी मांग है। बड़ी संख्या में थोक और फुटकर व्यापारी यहां पुराने समय से मिर्च खरीदने के लिए आते रहे हैं लेकिन पिछले एक दशक में हालात ऐसे बदले कि यहां मिर्च की पैदावार काफी कम हो गई। कोश्याकुटौली, धूराफाट, फल्दाकोट,सल्ट, सिलोर, हरड़ा, मछोड़, टानी, चौनलिया, स्यो, महरखोला, चन्द्रकोट, - वगड़्वार, विनकोट, रीठा, तौराड, नौघर और च्यूनी।



## सिंगर हनी सिंह ने कुमार विश्वास के साथ मंदिर में की पूजा, शिव का किया जलाभिषेक



**हरिद्वार, एजेंसी।** कुमार विश्वास ने कहा कि धर्मनगरी में आना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि यहां कण-कण में भगवान के अंश समाहित हैं। ध्यान योग और आध्यात्म की ऊर्जा से मिलने वाली शक्ति ही ईश्वर का बोध कराती है। श्यामपुर स्थित नीलेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को सिंगर व रैपर हनी सिंह और साहित्यकार डॉ. कुमार विश्वास ने पूजा-अर्चना की। सिद्धपीठ दक्षिण काली मंदिर पहुंचे बॉलीवुड सिंगर और कवि डॉ. कुमार विश्वास के पहुंचने की सूचना पर कई लोग जा पहुंचे।

हनी सिंह ने कहा कि हाल ही में उनकी एक डाक्यूमेंट्री आने वाली है। इसमें उनके जीवन पर आधारित तमाम तथ्य हैं। वहीं, कुमार विश्वास ने कहा कि धर्मनगरी में आना सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि यहां कण-कण में भगवान के अंश समाहित हैं। ध्यान योग और आध्यात्म की ऊर्जा से मिलने वाली शक्ति ही ईश्वर का बोध कराती है।

पूजन अनुष्ठान में कुमार विश्वास ने भगवान शिव की स्तुति अपने स्वर में की। उन्होंने महादेव के परिसर को पूरे भक्तिमय माहौल में करने का भरपूर प्रयास किया। वहीं, हनी सिंह ने भी प्रशंसकों के प्रति अपनी अभिव्यक्ति दी। उन्होंने नीलेश्वर महादेव मंदिर के प्रति अपनी आस्था को भी व्यक्त किया। कहा कि वह पहले यहां पर कई बार रात्रिकाल में पूजा अर्चना कर चुके हैं। दोनों कलाकारों ने धर्म और आस्था में प्रचार प्रसार या बयान को वर्जित बताया।

## हल्द्वानी में पिकअप के टायरों में फंस गई बाइक...पुलिस का पीछा करने पर भाग रही थी गोवंशीय पशुओं से लदी गाड़ी

**हल्द्वानी, एजेंसी।**
गोवंशीय पशुओं से लदी पिकअप ने बाइक सवार को रौंद दिया। घटना मुखानी चौराहे के पास की है। घायल बाइक सवार को अस्पताल पहुंचाया गया है। पिकअप चालक फरार हो गया है। पुलिस के अनुसार शनिवार की सुबह मुखानी चौराहे से एक पिकअप गोवंशीय पशुओं को लेकर जा रही थी। तस्करी के शक में बाइक सवार ने पीछा कर उसे रोकने का प्रयास किया। पिकअप चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक वाहन के पिछले टायरों के पास फंस गई। घटना के बाद घायल को अस्पताल लाया गया और पिकअप चालक भाग गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेने की तैयारी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग के से वाहन चालक का पता लगाया जाएगा।



लोहाघाट – नेपाल सीमा से लगे डुमडाई क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान की जा रही पत्थरों की तस्करी और वन पंचायत की भूमि पर मलबा डालने से लोगों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से वन पंचायत की भूमि पर हो रहे अवैध खनन को रोकने की मांग की है। क्षेत्र के पीएलवी तारा सिंह और सरपंच प्रेम सिंह ने बताया कि डुमडाई वन पंचायत के पास लोक निर्माण की ओर से डुमगाई से चमदेवल-डुमडाई लिंक मोटर मार्ग का निर्माण किया जा रहा है।

बताया कि ठेकेदार के लोग सड़क निर्माण से निकले मलबे को वन पंचायत के जंगलों में फेंक रहे हैं, जिससे औषधीय पेड़ पौधे नष्ट हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि रात के समय सड़क निर्माण में निकले पत्थरों की तस्करी की जा रही है।

उन्होंने एसडीएम रिंकू बिष्ट को ज्ञापन देकर मलबे से वन संपदा की सुरक्षा करने और खनन के दौरान निकले पत्थरों की तस्करी पर रोक की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर मामले को उच्च स्तर पर ले जाने की चेतावनी दी है। एसडीएम रिंकू बिष्ट ने वन क्षेत्राधिकारी को मौके पर जाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। मजदूरी कर गांव को लौट रहा वनराजी युवक पैर फिसलने से 15 फीट गहरी खाई में गिर कर घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। पूर्व विधायक गगन रजवार ने राजी गांव के पास एक व्यक्ति के खाई में गिर कर घायल होने की सूचना पुलिस को दी ।

सूचना मिलते ही जौलजीबी थाने से एएसआइ अशोक चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर घर जाते समय रास्ते से पैर फिसल जाने से 15 फीट गहरी खाई में गिरे कमान सिंह रजवार के सिर पर गंभीर चोट होने से वह बेहोश था। स्थानीय लोगों और गगन रजवार के सहयोग से खाई से निकाल कर 108 एंबुलेंस से सीएचसी धारचूला पहुंचाया गया। जहां पर उसका उपचार चल रहा है।

## नैनीताल में मनाया राष्ट्रीय कीवी दिवस : पहाड़ी जिलों में उत्पादन के लिए किसानों को किया गया प्रेरित



**नैनीताल , एजेंसी।** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी के क्षेत्रीय केंद्र पटवाडांगर में परिषद एवं ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से शनिवार को राष्ट्रीय कीवी दिवस मनाया गया। उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी के क्षेत्रीय केंद्र पटवाडांगर में परिषद एवं ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी के संयुक्त रूप से शनिवार को राष्ट्रीय कीवी दिवस मनाया गया। परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने किसानों को कीवी कृषिकरण में आगे आने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि उत्तराखंड की जलवायु कीवी उत्पादन के लिए बेहतर है। शनिवार को राष्ट्रीय कीवी दिवस मनाते हुए डॉ संजय कुमार ने कहा कि कीवी फल में बहुत से औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह फल कई रोगों का निवारण करता है और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करता है। इस फल को मार्केटिंग की अति आवश्यकता है। देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। उन्होनें सभा में उपस्थित किसानों व युवा वैज्ञानिकों से उद्यमी बनने व अपना स्टार्टअप शुरू करने का आह्वान किया। उन्होंने कीवी फल के उद्गम एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तरखंड के किसान कीवी का उत्पादन करके पलायन जैसी समस्या से बच सकते हैं और कीवी उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं। कीवी फल के उत्पादन के लिए आवश्यक जलवायु, मृदा गुणवत्ता के दृष्टिकोण से दिसंबर माह सबसे उपयुक्त है। कहा कि कीवी फल की प्रमुख मादा किस्में एलीशन, ब्रूनो, मोंटी एवं एबोट और नर किस्म तुमरी है, जिसका उत्पादन मुख्य रूप से किसानों द्वारा करके अपनी आर्थिकी को मजबूत किया जा सकता है।

## जनसुनवाई में पहुंचीं फरियाद, अब खुल जाएंगे रास्ते

**हल्द्वानी, एजेंसी।** आयुक्त दीपक रावत ने शनिवार को कैंप कार्यालय में भूमि विवाद, लेन-देन, सरकारी गूल पर अतिक्रमण समेत कई समस्याओं को मौके पर ही हल कराया। उन्होंने फरियादियों से कहा कि वह अपनी शिकायत लेकर संबंधित विभाग के पास जाएं, यदि वहां समस्या हल न हो तो फिर उनके पास आएं।

दमुवाढूंगा जवाहर ज्योति निवासी कुंदन सिंह गढ़िया ने आयुक्त को बताया कि भास्कर साह ने सरकारी गूल पर दीवार बनाकर सार्वजनिक रास्ता रोक दिया है। इस कारण लोगों को डेढ़ किलोमीटर का फेरा लगाना पड़ रहा है। आयुक्त ने साह को सरकारी भूमि पर बनाई दीवार हटाने के लिए दो दिन का समय दिया। कहा यदि दीवार नहीं हटाई तो कार्रवाई होगी। चांदनी चौक घुड़दौड़ा निवासी हंसा देवी ने कहा कि उन्होंने भीमनगर खरमासा निवासी विनोद पांडे को वर्ष 2018 में 1.62 हेक्टेयर भूमि बेची थी।

रजिस्ट्री के समय 89.29 लाख रुपये देने का आश्वासन किया था, लेकिन अब तक पैस नहीं मिला। आयुक्त के हस्तक्षेप के बाद विनोद पांडे ने 18-18 लाख रुपये की पांच मासिक किश्तों में धनराशि महिला को देने का लिखित आश्वासन दिया। उमा अधिकारी ने आयुक्त को बताया कि भवन खरीदने के बाद संदीप दो लाख बकाया नहीं दे रहा है।

### प्रशासन की उदासीनता, पदक से पहले ट्रैक पर ग` पाटने की जंग

**काशीपुर, एजेंसी।** खेल विभाग एवं प्रशासन की उदासीनता के चलते बाहरी तत्वों ने प्रशिक्षण के नाम पर खेल मैदान पर कब्जा जमा लिया है। बार-बार जतन करने के बाद समाधान नहीं होने पर राष्ट्रीय धावक स्वयं ट्रैक पर बने गड्ढे मिट्टी से पाटने को मजबूर हैं। स्टेडियम मैदान में भारतीय खेल प्राधिकरण और खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए कोचों से प्रशिक्षण लेते हैं। सुबह और शाम खिलाड़ी मैदान में प्रैक्टिस करते हैं। एथलेटिक्स के लिए स्टेडियम में 400 मीटर का ट्रैक बनाया गया, लेकिन काफी समय से विभिन्न अकादमी संचालक युवाओं को भर्ती कराने के नाम पर स्टेडियम में प्रशिक्षण दे रहे हैं।

# मसूरी में नए साल की तैयारियां चरम पर, पर्यटकों का स्वागत करने को तैयार क्वीन ऑफ हिल्स

**मसूरी, एजेंसी।**
नए साल का जश्न मनाने के लिए पहाड़ों की रानी मसूरी पर्यटकों का स्वागत करने को पूरी तरह तैयार है। होटल, कैफे और पर्यटन स्थल रोशनी और सजावट से जगमगा रहे हैं। जिला प्रशासन, स्थानीय व्यापारी और होटल व्यवसायी पर्यटकों को एक यादगार अनुभव देने के लिए विशेष इंतजाम कर रहे हैं।

मसूरी इस बार भी अपने मेहमानों के लिए खास यादें लेकर तैयार है। नए साल के इस खास मौके पर यहां का हर कोना उत्साह और उमंग से भरा नजर आएगा। जिलाधिकारी सविन बंसल ने कहा कि मसूरी में नए साल के जश्न को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। पर्यटकों से अनुरोध है कि यातायात और स्वच्छता के नियमों का पालन करें।

पर्यटकों का बढ़ता उत्साह मसूरी में हर साल नए साल के मौके पर हजारों पर्यटक आते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग बर्फबारी का आनंद लेने और नए साल का जश्न मनाने की उम्मीद में मसूरी का रुख कर रहे हैं। होटल और गेस्ट हाउस लगभग पूरी तरह से बुक हो चुके हैं। कैम्पटी फॉल, गन हिल और माल रोड जैसे लोकप्रिय स्थलों पर पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है।

सुरक्षा और यातायात के विशेष प्रबंध जिला प्रशासन ने पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस बल और होमगार्ड की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। माल रोड और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में वाहन पार्किंग के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने पर्यटकों से अपील की है कि वे वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें और शहर की स्वच्छता बनाए रखें।

होटल और रेस्तरां की तैयारियांमसूरी के होटल और रेस्तरां ने पर्यटकों को लुभाने के लिए विशेष ऑफर और कार्यक्रम तैयार किए हैं। कई होटलों में नए साल की रात लाइव म्यूजिक और थीम पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। कैफे और रेस्तरां में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजन और कॉन्टिनेंटल डिशेस का खास इंतजाम किया गया है।

बर्फबारी का इंतजारपर्यटक इस समय मसूरी में संभावित बर्फबारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, नए साल के आसपास हल्की बर्फबारी हो सकती है, जिससे जश्न का मजा दोगुना होने की संभावना है।

